# मंदिर में तोड़फोड़ के आरोपी गिरफ्तार

**250**
सीसीटीवी खंगाले

**200**
से की पूछताछ

**खास बातें**

- सोने व बेशकीमती धातु की मूर्ति मानकर चोरी की नीयत से मंदिर में घुसे थे बदमाश
- करीला आने-जाने के दौरान बदमाशों की नजर में आया था मंदिर
- ग्राम गोपाल नगर के एक हजार वर्ष प्राचीन भगवान विष्णु मंदिर का मामला

नवभारत न्यूज

**सिरोंज 15 फरवरी, सिरोंज क्षेत्र के ग्राम गोपालनगर में करीब एक हजार वर्ष से अधिक पुराने भगवान विष्णु के मंदिर में मूर्ति खंडित करने वाले बदमाशों को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है. मामले में गठित पुलिस टीम ने सिरोंज, महानीम चौराहा, बैरसिया से लेकर भोपाल तक कई जगहों के करीब 250 सीसीटीवी फुटेज खंगाले. करीब 200 लोगों से पूछताछ की. तब जाकर मंदिर में मूर्ति खंडित करने के आरोपी पुलिस की पकड़ में आये.**



जानकारी मिली है कि पूर्व में बदमाश क्षेत्र के प्रसिद्ध करीला धाम आते जाते रहते थे. इस दौरान मार्ग में आने वाले इस प्राचीन, ऐतिहासिक मंदिर पर बदमाशों की नजर पड़ी. बदमाश इस प्राचीन मंदिर की मूर्ति सोने व बेशकीमती धातु की मानकर चोरी की नियत से मंदिर में घुसे थे. पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है.एसडीओपी सोनू डाबर ने बताया कि बीती 9 फरवरी को सूचना मिली कि सिरोंज क्षेत्र के ग्राम गोपालनगर में करीब एक हजार वर्ष पुराने भगवान विष्णु के मंदिर में अज्ञात व्यक्ति द्वारा मंदिर का ताला तोड़कर विष्णु भगवान की मूर्ति को खंडित कर दिया है. यह मंदिर राज्य संरक्षित स्मारक में शामिल है. इस सूचना पर तत्काल एसडीओपी सोनू डावर, थाना प्रभारी दीपनाखेड़ा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. मंदिर के गार्ड गोलू उर्फ उमाकांत निवासी ग्राम गोपालनगर की रिपोर्ट पर थाना दीपनाखेड़ा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया. इस दौरान पुलिस की एफएसएल टीम भोपाल व फिंगरप्रिंट टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया. मामले को लेकर क्षेत्र में लोगों में काफी आक्रोश दिखाई दिया. इस दौरान लोगों ने प्रदर्शन कर तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की थी. वही सिरोंज विधायक, कुरवाई विधायक सहित पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे थे. मामले में पुलिस अधीक्षक विदिशा द्वारा अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी हेतु दस हजार रुपये के ईनाम की घोषणा भी की गई. एवं अज्ञात आरोपी की तलाश पतारसी हेतु एक विशेष टीम गठित की गई. पुलिस टीम द्वारा एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे के निर्देशन तथा एसडीओपी सिरोंज सोनू डावर, एसडीओपी लटेरी अमरेश बोहरे के मार्गदर्शन में लगातार आरोपियों की तलाश पतारसी की गई. ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के 250 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए. जिनसे महत्वपूर्ण सुराग मिले. वही करीब 200 से अधिक लोगों से पूछताछ एवं तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण के आधार पर एक संदिग्ध मोटरसाइकिल एवं उसके चालक की पहचान की गई. इस दौरान 14 फरवरी को भोपाल-सिरोंज रोड पर ग्राम सुहाया के पास संदिग्ध मोटरसाईकिल को रोककर चालक दीपक परोचे व उसके साथी राकेश कहार से पूछताछ की गई.

**आरोपियों पर घोषित था 10 हजार का इनाम**

एसडीओपी सोनू डाबर ने बताया कि मामले की गंभीरता व संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विदिशा द्वारा अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी हेतु दस हजार रुपये के ईनाम की घोषणा भी की गई थी. मामले में अज्ञात आरोपी की तलाश पतारसी हेतु एक विशेष टीम गठित की गई थी. उन्होंने बताया कि मामले में शामिल एक आरोपी पर अन्य थाने में भी अपराध दर्ज होने की जानकारी मिली है. मामले में पुलिस की पूछताछ एवं जांच जारी है. आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड की मांग करेगी.



# 147 साल पुरानी इमारत का किया जाएगा जीर्णोद्धार

नवभारत न्यूज

**टीकमगढ़. 15 फरवरी. पुराने गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल की 147 साल पुरानी इमारत का जीर्णोद्धार किया जाएगा. कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने इसके लिए 99 लाख रुपए का फंड जारी किया है. पीडब्ल्यूडी विभाग को इस प्राचीन इमारत की मरम्मत का जिम्मा सौंपा गया है.**

यह इमारत शहर के नजरबाग परिसर में स्थित है. इसका निर्माण 1877 में तत्कालीन राज परिवार ने महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कराया था. राजा वीर सिंह ने इस पहले गर्ल्स स्कूल का निर्माण करवाया था. लंबे समय तक शहर का गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल इसी बिल्डिंग में संचालित होता रहा. देखरेख के अभाव में इमारत धीरे-धीरे जर्जर होती चली गई. लगभग चार साल पहले गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल को यहां से स्थानांतरित कर दिया गया था.खाली होने के बाद से यह ऐतिहासिक इमारत खंडहर में बदलती जा रही थी.

# असामाजिक तत्वों ने खंडित की अंबेडकर की प्रतिमा

**रीवा, 15 फरवरी. मनगवां थाना क्षेत्र में सामाजिक तत्वों द्वारा देश के संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को खंडित किए जाने का मामला प्रकाश में आया है.**

घटना बीते दिवस मनगवां के हिनौता देवार्थ गांव की बताई गई है. घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों सहित बहुजन समाज के लोगों ने ना सिर्फ आक्रोश जाहिर किया बल्कि थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है. ग्राम हिनौता देवास में विकास साकेत के द्वारा निजी भूमि पर बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया गया था. सामाजिक तत्वों द्वारा उनकी प्रतिमा को खंडित कर दिया गया, जिससे आक्रोश है.

## इंस्टाग्राम रील के झांसे में फंसा युवक, 9 .20 लाख की साइबर ठगी

**इंदौर.** बेटमा थाना क्षेत्र के ग्राम बगौदा में रहने वाले 38 वर्षीय अरुण शर्मा के साथ सोशल मीडिया पर लालच देकर बड़ी ठगी का मामला सामने आया है. फरियादी ने पुलिस को बताया कि उसने इंस्ट्राग्राम पर एक रील देखी थी, जिसमें 5 रुपये के पुराने नोट के बदले लाखों रुपये देने का दावा किया था. रील में दिए गए नंबर पर संपर्क करने पर अज्ञात आरोपियों ने 35 लाख रुपये दिलाने का झांसा दिया और अलग-अलग प्रक्रियाओं के नाम पर उससे 9 लाख 20 हजार 150 रुपये ठग लिए. पुलिस ने बीएनएस व आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर साइबर ठगों की तलाश शुरू की.

# पुलिस को देख भाग रहे आरोपियों से 8 लाख की स्मैक बरामद

नवभारत न्यूज

**बोड़ा, 15 फरवरी. मादक पदार्थ ( स्मैक, गांजा ) के विरुद्ध सतत अभियान चलाया जा रहा है. इसी कड़ी में बीते दिन उनि राहुल सेंधव द्वारा थाना बोडा बल के साथ गुलखेड़ी जोड़ पर वाहन चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति पचोर की ओर से आते दिखाई दिए. जो पुलिस को देखकर भागने लगे. पुलिस टीम द्वारा तत्परता से घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया गया.**



पूछताछ में संतोषजनक जवाब नहीं देने पर तलाशी ली गई, जिसमें सुनील पिता वंशीलाल वैरवा, उम्र 21 वर्ष, निवासी अकलेरा, जिला झालावाड़ (राजस्थान), संतोष पिता हजारीलाल सासी, उम्र 36 वर्ष, निवासी ग्राम गुलखेड़ी के कब्जे से उनकी पैंट की जेब से एक-एक पुड़िया अवैध स्मैक बरामद हुई. कुल 60 ग्राम अवैध स्मैक एवं घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल जप्त की गई. बरामद मशरुका की अनुमानित कीमत लगभग 8 लाख (आठ लाख रुपये) है. दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध अपराध क्रमांक 47/2026 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है.

# मुख्य मार्ग की बदहाली से राहगीर परेशान

- गायत्री मंदिर से दो सौ के बंधे तक बुरी तरह उखड़ी सड़क
- अंजनीलाल मंदिर मार्ग से होकर जाता है कई गांवों का मुख्य मार्ग

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा, 15 फरवरी. स्थानीय अंजनीलाल मंदिर मार्ग के जर्जर अवस्था में होने से श्रद्धालुओं, राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है.**



गौरतलब है कि स्थानीय इंदौर नाका स्थित गायत्री मंदिर के यहां से अंजनीलाल मंदिर मार्ग है, यही रास्ता आगे कई गांवों तक जाता है, किंतु गायत्री मंदिर से दो सौ के बंधा तक रास्ता काफी जीर्णशीर्ण अवस्था में होने के कारण पैदल राहगीरों, दुपहिया वाहन चालकों को आवागमन में बहुत अधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है. अधिकांश जगह मार्ग काफी जीर्णशीर्ण अवस्था में होने से आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है.

उखड़े मार्ग पर मचा रहता पानी, कीचड़- उखड़े मार्ग पर काफी पानी भरा होकर कीचड़ मचा रहता है, जिससे परेशानी और अधिक होती है. अंजनीलाल मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं, राहगीरों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है.

# वेतन पर रोक से भूमिगत कोयला खदान मजदूरों में आक्रोश

**पाथाखेडा, 15 फरवरी. क्षेत्र की भूमिगत कोयला खदानों में कार्यरत सैकड़ों ठेका मजदूरों ने वेतन भुगतान में लगातार हो रही देरी और कथित शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद कर दी है. मजदूरों का आरोप है कि ठेकेदार पिछले कई समय से उनका मासिक वेतन नियमानुसार खातों में जमा नहीं कर रहे हैं, जबकि श्रम कानूनों के अनुसार प्रत्येक माह समय पर भुगतान अनिवार्य है.**

मजदूरों ने बताया कि कई बार शांतिपूर्ण चर्चा के प्रयास किए गए, लेकिन ठेकेदारों के अड़ियल रवैये के कारण कोई समाधान नहीं निकल सका. मजदूर नेता प्रदीप नागले ने आरोप लगाया कि श्रमिक हितों में आवाज उठाने पर प्रबंधन द्वारा उन्हें मकान खाली करने का नोटिस देकर दबाव बनाने की कोशिश की गई. उन्होंने स्पष्ट कहा कि मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रहेगा. स्थानीय श्रमिकों का कहना है कि निर्धारित श्रेणी के अनुसार वेतन भी नहीं दिया जा रहा और पूर्व में खातों से राशि निकलवाकर वापस लेने जैसी घटनाएं भी हुई. अब मजदूरों ने पैसे लौटाने से इनकार कर दिया है, जिसके बाद ठेकेदार और सुपरवाइजर ने उन्हें काम पर लेने से मना कर दिया.

# योजनाओं की राशि अटकी

- एक माह से मोबाइल डिवाइस गायब

नवभारत न्यूज

**सलकनपुर, 15 फरवरी. देवीधाम सलकनपुर का डाकघर इन दिनों अपनी अव्यवस्था को लेकर चर्चा में है. पिछले एक माह से यहां मोबाईल डिवाइस उपलब्ध नहीं होने के कारण सैकड़ों खाताधारक, विशेषकर लाड़ली बहना योजना और पेंशनधारी महिलाएं, अपने ही खातों से राशि निकालने के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं.**

जानकारी के अनुसार डाकघर में लगभग 500 खातों का संचालन होता है. जहां इटारसी, मकोड़िया, नीमखेड़ी, सेमरिया, मालीबायां, सगोनिया आदि ग्राम की महिलाएं वृद्धा पेंशन, परित्यक्ता पेंशन तथा अन्य शासकीय योजनाओं की राशि इसी डाकघर से निकालती रही हैं, लेकिन मोबाइल डिवाइस गुम हो जाने के बाद से निकासी की प्रक्रिया पूरी तरह प्रभावित है.

गांव की कृष्णाबाई ने बताया कि सरकार की पेंशन की राशि मेरे खाते में आती है. पास में डाकघर होने से सुविधा रहती थी, लेकिन पिछले एक महीने से पैसा नहीं निकाल पा रहे हैं. गांव की लाड़ली बहना एवं पेंशन हितग्राही प्रीति चौहान ने बताया कि पिछले महीने से ही खाते में जमा राशि की निकासी के लिए बार-बार डाकघर के चक्कर लगाना पड़ रहा है.

> सलकनपुर ब्रांच पोस्ट मास्टर प्रवीण नैनावत ने बताया कि 12 दिसंबर को सेंटर रेहटी जाते समय उनकी जेब से डाकघर का मोबाइल डिवाइस गिर गया था. इसकी शिकायत तत्काल थाने में दर्ज कराई गई और वरिष्ठ डाक अधीक्षक कार्यालय को भी सूचना भेजी गई. एवं मोबाईल डिवाइस गुम होने का जुर्माना भी समय से भर दिया गया बावजूद इसके अब तक नया डिवाइस उपलब्ध नहीं कराया गया है. वहीं ब्रांच पोस्ट मास्टर को जमा एवं निकासी के लिए प्रतिदिन रेहटी से करना पड़ता है.

# दो बहनों ने 60 घंटे की मेहनत से बनाए मिट्टी के महाकाल



**अशोकनगर.** मन में अगर श्रद्धा और दृढ़ संकल्प हो तो कुछ भी संभव है. जिलामुख्यालय निवासी की दो बहनों करीब 60 घंटे की मेहनत से मिट्टी के महाकाल बनाए और उनकी विधिवत पूजा अर्चना की. सोनम सोनी ने बताया कि उनके मन में भाव आया कि वह मिट्टी के महाकाल बनाए, इसके बाद उन्होंने अपनी बहन साक्षी सोनी के साथ मिलकर मिट्टी के महाकाल की प्रतिमा निर्मित की.

# रेत का उत्खनन करती 2 पनडुब्बी जप्त

**अवैध परिवहन करते छह वाहन पकड़ाए**

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 15 फरवरी. कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना से प्राप्त निर्देश के पालन में अवैध उत्खनन / परिवहन / भण्डारण के विरूद्ध खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सम्पूर्ण जिले में कार्यवाही जारी है.**



खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा शनिवार को सिवनीमालवा तहसील के ग्राम-डिमावर/बाबरी में सीहोर जिले की ओर से लगाये गये दो पनडुब्बी मशीन को जप्त कर पुलिस थाना शिवपुर की अभिरक्षा में रखा गया है. सोहागपुर तहसील में रेत का अवैध परिवहन करते 04 ट्रेक्टर ट्राली, बनखेड़ी तहसील में 01 ट्रेक्टर ट्राली एवं डोलरिया तहसील में मुरूम का अवैध परिवहन करते हुए 01 डम्पर जप्त कर पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है.

उक्त कार्यवाही में विजय राय, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिवनीमालवा, जय सोलंकी, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नर्मदापुरम, दिवेश मरकाम, जिला खनि अधिकारी नर्मदापुरम, पिंकी चौहान, खनि निरीक्षक नर्मदापुरम, कृष्णकांत सिंह परस्ते, प्र0 खनि निरीक्षक नर्मदापुरम एवं होमगार्ड बल उपस्थित रहा. उक्त जप्त वाहनों के विरूद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत कार्यवाही की जा रही है.



# गरीब कन्या का विवाह कराना बड़े पुण्य का काम : विधायक

- श्रीमद् भागवत गीता स्वाध्याय समिति ने उठाया विवाह का खर्च

नवभारत न्यूज

**पिपरई, 15 फरवरी. महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम बक्सनपुर आरोली में श्री युगल सरकार श्रीमद् भागवत गीता स्वाध्याय सेवा समिति द्वारा एक गरीब आदिवासी कन्या का विवाह समिति के सहयोग से संपन्न कराया गया.**

पिपरई तहसील अंतर्गत ग्राम बक्सनपुर स्थित हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित इस समारोह में धार्मिक आस्था और सामाजिक समरसता का सुंदर संगम देखने को मिला. समिति द्वारा महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रीमद् भागवत गीता अखंड पाठ का आयोजन भी किया गया. विवाह समारोह में क्षेत्रीय विधायक बृजेंद्र सिंह यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे. उन्होंने हनुमान जी एवं शिव परिवार के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा कन्या को शुभकामनाएं दीं. इस अवसर पर विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि गरीब कन्या का विवाह कराना बड़े पुण्य का कार्य है. उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार और नशामुक्ति पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया. उन्होंने कहा कि सामाजिक संगठनों द्वारा ऐसे कार्य समाज को नई दिशा देते हैं और जरूरतमंद परिवारों को संबल प्रदान करते हैं. इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि शिवपाल सिंह यादव ने बताया कि समिति द्वारा गरीब आदिवासी कन्या का विवाह पूर्ण धार्मिक विधि-विधान से संपन्न कराया गया. विवाह से संबंधित संपूर्ण खर्च समिति द्वारा वहन किया गया. दहेज का आवश्यक सामान, भोजन व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाएं भी समिति ने स्वयं कीं, जिससे कन्या पक्ष को किसी प्रकार की आर्थिक परेशानी न हो! और जानकारी देते हुए बताया गया की प्रेमनारायण सिंह आदिवासी की पुत्री बालकुमारी निवासी थूबोन का विवाह पतरम सिंह आदिवासी के सुपुत्र निवासी ककराई के साथ संपन्न हुआ. विवाह समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे और नवदंपति को आशीर्वाद दिया.

**खेती-किसानी** | लटेरी फसल विविधीकरण में अव्वल

# प्राकृतिक व जैविक खेती में सिरोंज अग्रणी

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,15 फरवरी. जिले में संचालित कृषि रथ अभियान के अंतर्गत 20 जनवरी से 14 फरवरी तक आयोजित गतिविधियों की समीक्षा में विभिन्न विकासखंडों में उल्लेखनीय प्रगति परिलक्षित हुई है. कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में कृषि विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के माध्यम से प्राकृतिक खेती, नरवाई प्रबंधन, फसल विविधीकरण एवं विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं का व्यापक क्रियान्वयन किया जा रहा है.**



जिले में जैविक एवं प्राकृतिक खेती के क्षेत्रफल में सिरोंज विकासखंड 239 हेक्टेयर के साथ प्रथम स्थान पर रहा. जबकि कुरवाई में 179 हेक्टेयर, बासौदा में 125 हेक्टेयर एवं लटेरी में 107 हेक्टेयर क्षेत्र में प्राकृतिक खेती अपनाई गई. सिरोंज क्षेत्र के किसान प्राकृतिक खेती के प्रति अधिक जागरूक हुए हैं. नरवाई प्रबंधन हेतु शपथ लेने वाले किसानों की संख्या में लटेरी 1472 किसानों के साथ प्रथम स्थान पर रहा. वहीं सिरोंज 1464, बासौदा 1461 और विदिशा 1437 भी उल्लेखनीय रहे. यह जिले में पराली प्रबंधन के प्रति बढ़ती जागरूकता को दर्शाता है. नरवाई प्रबंधन हेतु उपलब्ध कृषि यंत्रों की संख्या में नटेरन विकासखंड 529 यंत्रों के साथ शीर्ष पर रहा, जबकि कुरवाई में 409, बासौदा में 266 और लटेरी में 251 कृषि यंत्र उपलब्ध रहे.

**क्रेडिट कार्ड में सिरोंज और लटेरी आगे**

> किसान क्रेडिट कार्ड वितरण में सिरोंज 127 कार्ड के साथ प्रथम स्थान पर रहा. जबकि लटेरी में 69 कार्ड वितरित किए गए. पशु क्रेडिट कार्ड में लटेरी 76 और सिरोंज 73 अग्रणी रहे. सुपर सीडर पंजीयन में लटेरी 42 पंजीयन के साथ शीर्ष पर रहा, जबकि कुरवाई एवं सिरोंज में 27-27 पंजीयन हुए. कलेक्टर गुप्ता ने निर्देश दिए हैं कि जिन विकासखंडों में बेहतर प्रगति हुई है, उनके अनुभवों को अन्य विकासखंडों में भी लागू किया जाए, ताकि जिले के अधिक से अधिक किसान आधुनिक तकनीकों एवं योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें.

# करंट लगने से किसान की मौत

**शाजापुर, 15 फरवरी.** जिले के ग्राम रेहली में रविवार सुबह खेत पर करंट लगने से एक किसान की मौत हो गई. यह घटना सुबह करीब 9 से 10 बजे के बीच हुई, जब किसान अपने खेत में पानी की मोटर चालू करने गया था. जानकारी के अनुसार किसान नाथूलाल गुर्जर 60 वर्ष निवासी ग्राम रेहली जब मोटर चालू करने पहुंचा, तो खेत के पास लगी डीपी में फाल्ट हो गया था. जैसे ही किसान ने वहां लगे तार को छूने का प्रयास किया. वह तेज करंट की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया. परिजन और ग्रामीण तुरंत उसे प्राथमिक उपचार के लिए बेरछा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए.